प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.02.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।
- मंडी का अंतराराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज होगा संपन्न–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह में रहेंगे मौजूद।
- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकरण योजना से स्वरोजगार को मिल रहा बढ़ावा।
- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 चरण में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलगा अपना पहला मैच।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज.ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

मंडी शिवरात्रि

मंडी में चल रहे सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का आज अंतिम दिन है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। कल मंडी पहुंचने पर राज्यपाल का गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददता की ये रिपोर्ट

*आज मंडी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सवका विधिवत समापन हो रहा है। सात दिनों तक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा प्रदेश के राज्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके करकमलों से महोत्सव के औपचारिक समापन की घोषणा की जाएगी। आज अंतिम जलेब भी निकाली जाएगी। मंडी के नगर देवता की अगुवाई में यह भव्य शोभायात्रा पारंपरिक गरिमा के साथ ऐतिहासिक नगर की परिक्रमा करेगी और पड्डल मैदान में पहुंचकर संपन्न होगी। देव पालकियों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और श्रद्धालुओं के जयघोषों के बीच पूरे नगर में एक अद्वितीय आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिलेगा।पिछले सात दिनों से देव मिलन, धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस अवधि को पूर्णतः देवमय बनाए रखा। अब समापन के साथ ही देवताओं की अपने मूल स्थलों की ओर वापसी का क्रम आरंभ होगा, और इसी के साथ इस वर्ष का शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक स्मृतियों के साथ संपन्न होगा। आकाशवाणी के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।*

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि केंद्र सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास व प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश के लिए करीब 2 सौ 86 करोड़ रूपये की वित्तीय सहायता जारी की है। इसमें से करीब 27 करोड़ रूपये कैपिटल इन्वेस्टमेंट की दूसरी किश्त जबकि 2 सौ 59 करोड़ रूपये आपदा पुनर्निमाण और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। हर्ष महाजन ने कहा कि केंद्र की ये सहायता प्रदेश के लिए बड़ी राहत है और इससे राज्य में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सहयोग इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार प्रदेश के विकास के प्रति संवेदनशील और समर्पित है।

स्वीकृति

राज्य सरकार ने रोड़ ड्रेनेज पॉलिसी को स्वीकृति दी है। इस नीति का उद्देश्य सशक्त सड़क बुनियादी अधोसंरचना के एक नए युग की शुरूआत करना है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार ये नीति मॉनसून में होने वाले भारी वर्षा के कारण सड़कों के नुकसान को कम करने में प्रभावी साबित होगी। नीति में पहाड़ी ढलानों की मज़बूती पर भी विशेष बल दिया गया है और भूस्खलन संभावित व रिसाव क्षेत्रों में निवारण उपाय अनिवार्य किए गए हैं।

पीएमएफएमई

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकरण योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण से किन्नौर जिला में स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के तहत उद्योग लगाने पर सरकार 35 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। जिला किन्नौर में इस वर्षयोजना के तहत करीब 20 लोगों ने एप्पल ग्रेडिंग और पैकिंग यूनिट स्थापित किए हैं। जिला उद्योग केन्द्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरुलाल नेगी ने बताया कि इस योजना में व्यक्तिगत लाभार्थी को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का उपदान दिया जाता है जबकि किसान उत्पादक संगठन को 2 करोड़ रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता

*प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकरण योजना 2020–21 में शुरू हुई थी ओर 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी जिला उद्योग केंद्र जिला किन्नौर के उप महा प्रबंधक गुरू लाल नेगी ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला किन्नौर ने इस वर्ष करीब 20 लोगों ने ऐप्पल ग्रेडिंग और पैंकिग यूनिट स्थापित किया है और योजना का लाभ लिया है यदि कोई लाभार्थी लगभग 28 लाख 57 हजार रुपये का निवेश करता है तो उसे 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिल सकती है और योजना तहत मशीनरी, शैड, जनरेटर सहित कई जरूरी उपकरणों उपदान दिया जाता है केवल ग्रेडिंग पैंकिग, फ्लोर मील जूस, आचार, जेम्म व अन्य खाद्य प्रसंस्करण ईकाईयां भी इस योजना में शामिल हैं विभाग स्वयं इस नियुक्त रिर्सोस पर्सन इस योजना में लोगों की मद्द करते है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना में जुड़ सकें।*

पेंशन–अनुबंध सेवा काल

प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों के अनुबंध सेवा काल की अवधि की पेंशन के लिए गणना की जाएगी। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राज्य सरकार ने यह प्रावधान कर दिया है। वित्त विभाग ने 16 फरवरी को जारी उस निर्देश को वापस ले लिया, जिसमें अनुबंध सेवाकाल को पेंशन लाभ के लिए नहीं गिनने की बात कही थी।

क्रिकेट टी–20 विश्व कप

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 चरण में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। यह मैच शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम सभी चार मैच जीतकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर रही। सुपर–8 में, पहले ग्रुप में भारत, जिम्बाब्वे, वेस्ट इंडीज और दक्षिण अफ्रीका तथा दूसरे ग्रुप में पाकिस्तान, श्रीलंका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में तीन–तीन मैच खेलेगी और शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस बीच, कल सुपर 8 का पहला मुकाबला कोलंबो में बारिश के कारण रद्द हो गया। इसमें न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीम को एक–एक अंक दिया गया है।

भेंट

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अगले चरण में करीब एक हज़ार 2 सौ किलोमीटर नई सड़कों का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। इन सड़क परियोजनाओं के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है। ये जानकारी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट के दौरान दी। इस दौरान विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री से विशेष रूप से शिमला ज़िले के दुर्गम क्षेत्र डोडरा–क्वार की सड़क परियोजनाओं का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया। उन्होंने क्षेत्र में सड़क परियोजना कार्यों के लिए विशेष छूट देने का आग्रह किया।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–टिटनेस व डिप्थीरिया का अब एक ही टीका, टी.डी. वैक्सीन लॉन्च। दैनिक जागरण का शीर्षक है–वयस्कों व गर्भवती महिलाओं के लिए स्वदेशी टीडी वैक्सीन।

दिव्य हिमाचल लिखता है–टीटी की जगह सीआरआई कसौली ने बनाई टीडी वैक्सीन।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है –कांग्रेस हाईकमान ने मांगी मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्ट। दैनिक भास्कर का कहना है–नई सड़कों में बॉक्स कल्वर्ट जरूरी, तय दूरी पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। हिमाचल दस्तक के अनुसार–मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू आज वापस लौटेंगे शिमला।

अमर उजाला की एक अन्य ख़बर है–पैंशन के लिए कर्मियों के अनुबंध सेवाकाल की भी होगी गणना, पिछले निर्देश वापस।

'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।
- मंडी का अंतराराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज होगा संपन्न–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समापन समारोह में रहेंगे मौजूद।

- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकरण योजना से स्वरोजगार को मिल रहा बढ़ावा।

- आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के सुपर–8 चरण में भारत आज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलगा अपना पहला मैच।

———————————————